JETIR.ORG ISSN: 2349-5162 | ESTD Year : 2014 | Monthly Issue
JOURNAL OF EMERGING TECHNOLOGIES AND INNOVATIVE RESEARCH (JETIR)
An International Scholarly Open Access, Peer-reviewed, Refereed Journal

हरियाणा के आत्मनिर्भर बनने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे स्टार्टअप्स का वस्तुनिष्ठ अध्ययन

दीपक
शोधार्थी
पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग
चौधरी देवी लाल विश्वविधालय, सिरसा
dk994176@gmail.com

सारांश :

आत्मनिर्भर का अर्थ होता है आर्थिक रूप से स्वलान्भी होना आज भारत नई टेक्नोलॉजी और स्टार्टअप के साथ लगातार आगे बढ़ रहा है भारत के उत्तरी हिस्से में आने वाला हरियाणा प्रदेश भी भारत को आत्मनिर्भर बनाने में बड़ी भूमिका निभा रहा है भारत के आत्मनिर्भर बनने का रास्ता गाँव से होकर शहर, शहर से होकर राज्य और राज्य से होकर देश तक जाता है भारत में आत्मनिर्भर अभियान की शुरुआत 12 मई 2020 को की गई थी ताकि भारत का प्रत्येक नागरिक आत्मनिर्भर हो सकें और भारत की अर्थव्यवस्था को बनाए रखने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें इसलिए आत्मनिर्भर अभियान के तहत बहुत सारी योजनाओं को शुरू किया गया हरियाणा में भी सरकार ने आत्मनिर्भर हरियाणा योजना की शुरुआत की जिसके अंतर्गत मजदूरी करने वाले व्यक्तियों व घर पर रहने वाली महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए लोन देकर लाभ पहुंचाया गया जिसके द्वारा लघु उद्योग, कुटीर उद्योग, गृह उद्योग आदि शुरू किए जा सके और लाखों लोगों को इसका लाभ मिल सके और जिससे हरियाणा भारत के आत्मनिर्भर अभियान में एक अहम भूमिका निभा सके और पिछले कुछ सालों में हरियाणा में कई नए स्टार्टअप्स शुरू हुए जिनकी कीमत आज करोड़ों रुपए में पहुंच चुकी है और जिनमें आज के समय मे लाखों लोग कार्य कर रहे हैं इस शोध मे हरियाणा में हमें कई तरह के नए स्टार्टअप्स देखने को मिले यह शोध पत्र हरियाणा को आत्मनिर्भर बना रहे स्टार्टअप्स का अध्ययन बताता है वस्तुनिष्ठ शोध पद्धति के द्वारा हरियाणा को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे प्रमुख स्टार्टअप्स के बारे में इस पत्र में चर्चा की गई है

बीजक शब्द : आत्मनिर्भर, स्टार्टअप, उद्योग, योजना

परिचय : आधुनिक समय तकनीकी युग का समय है अगर आपके मन में किसी विषय के प्रति कोई धारना या विचार है तो आप उनका सही प्रयोग करके उस विचार को कम्पनी का रूप दे सकते हैं यानि नया स्टार्टअप शुरू कर सकते है आज का समय मोबाइल इंटरनेट लैपटॉप आदि का है जिनके जरिए हम अपने आईडिया को एक ही समय मे करोड़ों लोगों तक पहुंचा सकते है आज सरकार भी जनता को उद्योगों की तरफ कदम बदने मे लोन प्रदान करके उनकी सहायता कर रही है ताकि अधिक से अधिक लोग अपने आइडिया को जीवंत रूप प्रदान कर सकें और हरियाणा इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है अगर हम पिछले दशक की बात करें तो लोग अपने आईडिया से उद्योग शुरू करते थे लेकिन उसे विस्तर्त रूप नही दे सकते थे आज का समय तकनीकों से घिरा हुआ है जिनके जरिए आप अपने स्टार्टअप की जानकारी पूरी दुनिया तक पहुंचा सकते है आज के समय में बड़ी–बड़ी कंपनियां भी लोगों से उद्योग के लिए अच्छा आईडिया मांगती हैं और उसे उद्योग को बनाने में पैसा भी लगाती है कुछ समय पहले सोनी चैनल पर एक सार्क टैंक के नाम से बिजनेस शो भी शुरू किया गया था जिसमें लोग ने आइडिया लेकर आते थे और उद्योगपति उसमें पैसा लगाते थे हरियाणा मे लोगों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार ने आत्मनिर्भर हरियाणा लोन स्कीम शुरू की जिसके अंदर हरियाणा के गरीब परिवारों को दो परसेंट ब्याज पर ₹15000 उपलब्ध करवाए जिससे लोग छोटा व्यवसाय शुरू कर अपनी आजीविका आसानी से चला सकें लोन के जरिए हरियाणा के 300000 गरीब परिवारों को फायदा पहुंचा आज के समय नए स्टार्टअप के लिए बैंक भी लोन उपलब्ध करवाते हैं प्रधानमंत्री मुद्रा लोन योजना के जरिए हरियाणा के लोग नया बिजनेस शुरू कर आत्मनिर्भर बन सकते हैं अगर हम हरियाणा में स्टार्टअप्स की बात करें तो आज यहां पर तकरीबन 100 से ज्यादा स्टार्टअप खुल चुके है जिसमें हजारों की संख्या में लोग कार्य कर रहे हैं अगर हम स्टार्टअप्स की बात करें तो टेक्नोलॉजी के आने के बाद नए स्टार्टअप शुरू होने मे काफी तेजी आई है

उद्देश्य :

- हरियाणा मैं हुए स्टार्टअप के विकास क्रम को जानना
- हरियाणा आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे स्टार्टअप का अध्ययन

शोध पद्धति :

यह शोध कार्य के लिए वस्तुनिष्ठ अध्ययन शोध पद्धति का प्रयोग किया गया है जिसके अंतर्गत हरियाणा को आत्मनिर्भर बना रहे विभिन तरह के स्टार्टअप का अध्ययन किया गया है क्योंकि यह एक लघु शोध कार्य है इसलिए वस्तुनिष्ठ अध्ययन को अधिक विस्तृत स्वरूप प्रदान नहीं किया गया है

हरियाणा को आत्मनिर्भर बनाने मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले स्टार्टअप्स का अध्ययन

स्टार्टअप एक ऐसा आइडिया होता जिसके जरिये आप किसी कंपनी की नीव रख सकते हैं यह एक ऐसी कंपनी होती है जो अपने संचालन की शुरवाती स्टेज पर है एक इन्सान या कुछ लोग साथ मे मिलकर इसकी नींव रखते हैं यहां पर लोग अपनी अपनी स्किल्स और स्पेशलाइजेशन का प्रयोग कर किसी विशेष स्टार्टअप आइडिया पर काम करते हैं और इसके माध्यम से कंज्यूमर्स को एक यूनिक प्रोडक्ट ओर सर्विस प्रदान की जाती है। स्टार्टअप ऐसे प्रोडक्ट या सर्विस डिवेलप करती है जिसमें उन्हें अच्छा मार्केट पोटेंशियल दिख रहा होता है

अब चर्चा करते हैं हरियाणा मे शुरू हुए विभिन तरह के स्टार्टअप के बारे मे

जोमैटो :

जोमैटो एक ऐसा स्टार्टअप है जिसे आप ऑनलाइन रेस्टोरेंट के रूप में भी देख सकते हैं जिसमें आप अपने खाने को होटल से ऑनलाइन आर्डर करते हैं और होटल आपके आर्डर किए खाने को आप तक पहुंचाता है यह स्टार्टअप 2010 में गुड़गांव से स्टार्ट हुआ था इसके फाउंडर दीपेंद्र गोयल, गौरव गुप्ता, पंकज चड्डा है आज इस कंपनी मे लगभग 10,000 से ज्यादा कर्मचारी काम कर रहे हैं

अर्बन कंपनी :

अर्बन कंपनी एक ऐसा स्टार्टअप है जो 2014 में गुरुग्राम से एक छोटी कंपनी के रूप में शुरू हुआ था जिसका नाम पहले अर्बन क्लैप था यह कंपनी लोगों को घर में बाल कटवाने से लेकर एसी ठीक करवाने तक की सभी सुविधाएं उपलब्ध करवाती है इस कंपनी में बाल कटवाने, सपा, सैलून, घर की साफ सफाई, घर की रंगाई पुताई, और इलेक्ट्रॉनिक सामान की मरम्मत आदि की ऑनलाइन बुकिंग सेवा देती है इस कंपनी में आज के समय मे लगभग 32000 पेशेवरों की संख्या है जो 63 शहरों में 50 लाख से अधिक परिवारों को सुविधाएं उपलब्ध करवा रही हैं इस कंपनी के फाउंडर अभिराज सिंह, राघव चंद्रा वरुण अर्बन है यह कंपनी आज भारत के साथ-साथ ऑस्ट्रेलिया, सिंगापुर, यूएसए, यूएई, किंगडम ऑफ सऊदी अरेबिया जैसे देशों को भी सेवाएं प्रदान कर रही है इस कंपनी मे लगभग 1700 करोड़ की फंडिंग हो चुकी है

डेलहीवरी:

इस कंपनी की शुरुआत साल 2011 में गुरुग्राम से हुई थी पहले इस कम्पनी का नाम एसएसएन लॉजिस्टिक हुआ करता था भारत की यह लॉजिस्टिक कंपनी, एक्सप्रेस पार्सल, वेयरहाउसिंग और सप्लाई चैन के कारोबार में काफी आगे बढ़ चुकी है देश के कुल कॉमर्स पार्सल डिलीवरी में इसकी हिस्सेदारी 24 से 25 फीसदी है कंपनी के पास देश भर में कुल 3836 डिलीवरी प्वाइंट और 23 हजार से अधिक एक्टिव कस्टमर हैं साल 2019 में सॉफ्टबैंक ने इस कंपनी को 41 पॉइंट 3 करोड़ डॉलर की फंडिंग की थी आज यह कंपनी लॉजिस्टिक कंपनियों में बहुत बड़ी कंपनी बन चुकी है इस कंपनी के फाउंडर भावेश मंगलानी, कपिल भारती, मोहित टंडन, साहिल बरुआ, सूरज सहारन है इस कंपनी में आज 5000 से 10000 लोग काम कर रहे हैं

ग्रोफर्स :

ग्रोफर्स एक ऐसा स्टार्टअप है जो ऑनलाइन सुपरमार्केट है इसकी शुरुआत 2013 में गुड़गांव से हुई थी आज इसमें 5000 एंप्लोई कार्य कर रहे हैं ग्रोफर्स ग्रॉसरी के उत्पाद भी बेचता है यह एक अच्छा स्टार्ट है जो आज एक बड़ी कंपनी का रूप ले चुका है

टाटा 1mg :

टाटा 1mg कंपनी 2015 में गुरुग्राम से शुरू हुई थी यह एक प्रमुख कंपनी है जो लोगों को आसानी से और सस्ते में दवाइयां व हेल्थ वैलनेस प्रोडक्ट और हेल्थ से जुड़ी अन्य सर्विसेज उपलब्ध करवाती है यह कंपनी अभी देशभर में 20,000 से अधिक पिन कोड में डायग्रोस्टिक लैब को संचालित कर रही है आज यह स्टार्टअप एक कंपनी का रूप ले चुका है जो 1000 से अधिक शहरों में सेवाएं दे रहा है 1mg कंपनी में टाटा ने भी हिस्सेदारी खरीदी है इसके फाउंडर प्रशांत टंडन, गौरव अग्रवाल, विकास चौहान है

कार24 :

कार24 स्टार्ट अप 2015 में गुड़गांव से शुरू हुआ था इसके फाउंडर गजेंद्रा, मेहुल अग्रवाल, रूचित अग्रवाल, विक्रम चोपड़ा है यह कंपनी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आटोमोटिव बीटीसी ई–कॉमर्स मार्केटप्लेस सेल्स ऑटोमेशन सॉफ्टवेयर ट्रांजैक्शन प्रोसेसिंग जैसी सुविधाएं उपलब्ध करवाती है इस इस कंपनी में आज लगभग 5000 लोग काम करते हैं

मैजिक पिन :

मैजिक पिन एक ऐसा स्टार्टअप है जो एक ही जगह के यूजर और मर्चेंट को आपस में कनेक्ट करता है समान को खरीदने के लिए इसके अंदर कई रेस्टोरेंट और कई होटल कई ग्रॉसरी शॉप आती है इसे 2015 में गुडगांव से शुरू किया गया था इसके फाउंडर अंशु शर्मा बृजभूषण है इसमें लगभग 500 लोग से अधिक लोग काम कर रहे हैं और यह खुद से जाकर समान लेने का ऑफर भी देता है

गोमैकेनिक :

यह स्टार्टअप 2016 में गुडगांव से किया गया था यह कंपनी ऑनलाइन कार सर्विसेज देती है इसमें आप अपनी कार की डेंटिंग पेंटिंग का और इंटीरियर का कार्य करवा सकते हैं इस कंपनी में आज 250 से लेकर 500 लोग काम कर रहे हैं इसके फाउंडर कुशल कारवां, अमित, ऑडिश कारवां है यह कंपनी आज के समय मे कार सर्विस के साथ ए सी सर्विस एंड रिपेयर लाइट एंड फिटमेंट इंश्योरेंस सर्विसेज, कस्टमर केयर, बैटरी, टायर, विंडशील्ड ग्लास आदि प्रकार की सेवाएं उपलब्ध करवाती है

मम्मा अर्थ :

मम्मा अर्थ एक ऐसा ऑनलाइन स्टार्टअप है जो बेबी एंड टॉडलर के उत्पाद उपलब्ध करवाता है इसकी शुरुआत गुड़गांव से 2016 में की गई थी इसके फाउंडर वरुण अलग हैं यह कंपनी ई–कॉमर्स, हेल्थ केयर, रिटेल, वैलनेस के क्षेत्र में कार्य कर रही है इसमें 500 से अधिक लोग कार्य करते हैं

सिटी मॉल :

यह कंपनी 2019 में गुड़गांव से शुरू हुई थी इसके फाउंडर अंगद कीकला, दिविज गोयल है इस कंपनी में कंजूमर गुड ई–कॉमर्स लाइफस्टाइल से संबंधित उत्पाद मिलते हैं इसमें 500 से ज्यादा एंप्लोई काम कर रहे हैं यह पास शहरों में सेवाएं प्रदान कर रही है

निष्कर्ष :

उपरोक्त शोध से यह स्पष्ट होता है की हरियाणा को आत्मनिर्भर बनाने में कई स्टार्टअप महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है अगर हम बात करें 2008 में शुरू हुए जोमैटो स्टार्टअप की जो आज एक बहुत बड़ी कंपनी बन चुका है जिसे ऑनलाइन रेस्टोरेंट भी कहा जा सकता है हरियाणा को कृषि प्रधान प्रदेश कहा जाता है वहीं दूसरी तरफ यहां शुरू हुए स्टार्टअप आज हजारों करोड़ों की कीमत वाली कंपनी में बदल चुके हैं आज हरियाणा में 100 से अधिक स्टार्टअप कुशल रूप से चल रहे हैं जिसमें इंटरनेट प्रौद्योगिकी ने अहम भूमिका निभाई है इंटरनेट के जरिए यह हरियाणा में शुरू हुए स्टार्टअप हरियाणा मे ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में अपनी सेवा उपलब्ध करवा रहे हैं आज आप अर्बन कंपनी जैसे स्टार्टअप से घर बैठकर घर में बाल कटवा सकते हैं व इलेक्ट्रॉनिक सामान की मरम्मत करवा सकते हैं वहीं दूसरी तरफ टाटा 1mg से आप किसी भी प्रकार की हेल्थ से संबंधित सेवाएं ले सकते हैं डिलीवरी स्टार्टअप के द्वारा आप कहीं भी अपने पार्सल को घर बैठ कर ही पहुंचा सकते हैं वह गोमैकेनिक स्टार्टर के द्वारा आप अपनी कार की सर्विस करवा सकते हैं सिटी मॉल स्टार्टअप से आप डेली यूसेज की लाइफस्टाइल के उत्पाद खरीद सकते हैं वही ग्रोफर ऑनलाइन सुपरमार्केट की तरह सेवाएं दे रहा है वही कार 24 ई कॉमर्स कंपनी है जो कई तरह की सेवाएं आटोमोटिव से लेकर उपलब्ध करवा रही है मैजिक पिन भी कई ग्राहकों को उनकी जरूरत के सामान खरीदने में सहायता करता है मम्मा अर्थ एक ऐसा स्टार्टअप है जो बेबी एवं टॉडलर के उत्पाद उपलब्ध करवा रहा है

कुल मिलाकर यह कहना सही होगा की हरियाणा को आत्मनिर्भर बनाने में यह स्टार्टअप महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं जिसमें इंटरनेट ने अहम भूमिका निभाई है लेकिन वहीं दूसरी तरह शोध से पता चलता है की हरियाणा मे मेट्रो सिटी मे ही यह स्टार्टअप अहम भूमिका निभा रहे है अगर हमे हरियाणा को पूरी तरह से आत्मनिर्भर बनाना है तो आज हरियाणा के हर जिले मे अच्छे स्टार्टअप शुरू करने होंगे जो आर्थिक रूप से हरियाणा को आत्मनिर्भर बनाने मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँगे आज सरकार को नए इनोवेटिव आईडिया को आगे बढने के लिये वितिये सहायता उपलब्ध करवानी चाहिए जिससे हरियाणा के हर गावं हर जिले मे नए स्टार्टअप शुरू होकर हरियाणा के लोगों को अधिक मात्रा मे रोजगार प्रधान करे और जिससे हरियाणा का हर गावं और जिला अताम्निर्भ्र बन सके.

संदर्भ सूची :-

- https://www.failory.com/startups/haryana
- https://pmmodiyojana.in/atmnirbhar-haryana-loan-yojana/
- https://hindi.nvshq.org/aatm-nirbhar-bharat-abhiyan/
- https://www.urbancompany.com/about
- https://www.1mg.com/aboutUs
- https://www.zomato.com/who-we-are
- https://craft.co/grofers
- Keval J. kumar [5th edition] Mass communication in India Jaico publishing house, JA-1 Jash chambers, Off sir Phirozshah Mehtra Road Mumbai,Maharastra.